भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †1354
सोमवार, 8 दिसंबर, 2025/17 अग्रहायण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

## प्रतिष्ठित पर्यटन स्थलों का विकास

**†1354. डॉ. राज कुमार चब्बेवाल:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा 'प्रतिष्ठित पर्यटन स्थल' के रूप में चयनित पर्यटन स्थलों का ब्यौरा तथा इन स्थलों के चयन हेतु अपनाए गए मानदंड/मानक क्या हैं;

(ख) इस परियोजना पर होने वाला कुल व्यय, समय-सीमा तथा सरकार की इस पहल से पर्यटन उद्योग को होने वाले संभावित लाभ क्या हैं;

(ग) क्या सरकार की देश में अन्य पर्यटन स्थलों को भी प्रतिष्ठित पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने वाली सूची में शामिल करने की योजना है; और

(घ) यदि हाँ, तो पंजाब सहित राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है।

भारत सरकार ने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास' नामक अपनी योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में पंजाब सहित 23 राज्यों में 3295.76 करोड़ रुपये की 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसका मुख्य उद्देश्य देश में प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का व्यापक रूप से विकास करना, वैश्विक स्तर पर उनकी ब्रांडिंग और विपणन करना है। संबंधित राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्तावों एवं इस संबंध में औपचारिक मानदंडों के आधार पर परियोजनाओं की पहचान की गई थी। एसएएससीआई पहल के तहत परियोजनाएं संबंधित राज्य सरकारों द्वारा कार्यान्वित की जा रही हैं और इस उद्देश्य के लिए व्यय विभाग द्वारा संबंधित राज्य सरकारों को निधियां स्वीकृत/जारी की गई हैं। पंजाब सहित देश में इस योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं के साथ ही जारी की गई निधि का ब्यौरा **अनुबंध** में है।

वर्तमान में, एसएएससीआई योजना के तहत और अधिक संख्या में परियोजनाओं को मंजूरी देने का कोई प्रस्ताव नहीं है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन (एसडी), स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)

और उसकी उप-योजना - 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' तथा 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के तहत राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को, उनसे योजना दिशा-निर्देशों और सरकारी अनुदेशों के अनुरूप तथा निधियों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन परियोजना प्रस्तावों की प्राप्ति पर पर्यटकों के अनुभवों को बेहतर बनाने हेतु देश भर में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। तदनुसार, पर्यटन मंत्रालय ने पंजाब राज्य सहित देश में एसडी के तहत 5290.33 करोड़ रुपये की 76 परियोजनाएं, एसडी 2.0 के तहत 2208.27 करोड़ रुपये की 53 परियोजनाएं, सीबीडीडी के तहत 648.11 करोड़ रुपये की 36 परियोजनाएं और प्रशाद योजना के तहत 1726.74 करोड़ रुपये की 54 परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

*****

**अनुबंध**

डॉ. राज कुमार चब्बेवाल द्वारा प्रतिष्ठित पर्यटन स्थलों के विकास के संबंध में दिनांक 08.12.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †1354 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास' योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:**

| क्र. सं. | राज्य | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) | जारी राशि 66% (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 2024-25 | गंडीकोटा में फोर्ट एवं गोर्ज एक्सपीरियंस का संवर्धन | 77.91 | 113.75 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 2024-25 | राजा महेंद्रवरम में अखंड गोदावरी- (हवेलोक ब्रिज और पुष्कर घाट) | 94.44 | |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 2024-25 | पासीघाट में सियांग एडवेंचर और इको-रिट्रीट | 46.48 | 30.67 |
| 4. | असम | 2024-25 | गुवाहाटी में असम राज्य चिड़ियाघर सह वनस्पति उद्यान | 97.12 | 126.64 |
| 5. | असम | 2024-25 | शिवसागर में रंग घर का सौंदर्यीकरण | 94.76 | |
| 6. | बिहार | 2024-25 | सहरसा में मत्स्यगंधा झील का विकास | 97.61 | 97.09 |
| 7. | बिहार | 2024-25 | करमचट में करमचट इको पर्यटन और एडवेंचर हब | 49.51 | |
| 8. | छतीसगढ़ | 2024-25 | रायपुर में चित्रोत्पला फिल्म सिटी का विकास | 95.79 | 97.45 |
| 9. | छतीसगढ़ | 2024-25 | रायपुर में जनजातीय और सांस्कृतिक सम्मेलन केंद्र का विकास | 51.87 | |
| 10. | गोवा | 2024-25 | पोंडा में छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय | 97.46 | 124.21 |
| 11. | गोवा | 2024-25 | पोरवोरिम में टाउनस्क्वेयर | 90.74 | |
| 12. | गुजरात | 2024-25 | केरली (मोकरसागर), पोरबंदर में इको-पर्यटन गंतव्य | 99.50 | 99.69 |
| 13. | गुजरात | 2024-25 | धोर्डो में टेंटेड सिटी और कन्वेंशन सेंटर | 51.56 | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 14. | झारखंड | 2024-25 | कोडरमा में तिलैया का इको-पर्यटन विकास | 34.87 | 23.01 |
| 15. | कर्नाटक | 2024-25 | रोएरिच और देविका रानी एस्टेट टाटागुनि, बेंगलुरु में इको पर्यटन और सांस्कृतिक केंद्र | 99.17 | 131.45 |
| 16. | कर्नाटक | 2024-25 | बेलगावी में सवादत्ती यल्लम्मागुड्डा का विकास | 100.00 | |
| 17. | केरल | 2024-25 | कोल्लम में अष्टमुडी जैव विविधता और इको मनोरंजन केंद्र | 59.71 | 102.33 |
| 18. | केरल | 2024-25 | सरगालया में मालाबार के सांस्कृतिक क्रूसिबल का ग्लोबल गेटवे | 95.34 | |
| 19. | मध्य प्रदेश | 2024-25 | ओरछा एक मध्यकालीन वैभव | 99.92 | 131.53 |
| 20. | मध्य प्रदेश | 2024-25 | भोपाल में एमआईसीई के लिए अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर | 99.38 | |
| 21. | महाराष्ट्र | 2024-25 | सिंधुदुर्ग में आईएनएस-गुलदार अंतर्जलीय संग्रहालय, कृत्रिम चट्टान और पनडुब्बी पर्यटन | 46.91 | 96.39 |
| 22. | महाराष्ट्र | 2024-25 | नासिक में "राम-काल पथ" का विकास | 99.14 | |
| 23. | मणिपुर | 2024-25 | लोकटक में लोकटक लेक एक्सपीरियंस | 89.48 | 59.05 |
| 24. | मेघालय | 2024-25 | मावखानू में एमआईसीई अवसंरचना | 99.27 | 131.03 |
| 25. | मेघालय | 2024-25 | शिलांग में उमियम झील का पुनर्विकास | 99.27 | |
| 26. | ओडिशा | 2024-25 | हीराकुंड का विकास | 99.90 | 131.92 |
| 27. | ओडिशा | 2024-25 | सतकोसिया का विकास | 99.99 | |
| 28. | पंजाब | 2024-25 | एसबीएस नगर में खटकर कलां में शहीद-ए-आजम, सरदार भगत सिंह को श्रद्धांजलि के रूप में हेरिटेज स्ट्रीट का विकास | 53.45 | 35.27 |
| 29. | राजस्थान | 2024-25 | जयपुर में आमेर-नाहरगढ़ एवं आसपास के क्षेत्र का विकास | 49.31 | 96.30 |
| 30. | राजस्थान | 2024-25 | जयपुर में जल महल का विकास | 96.61 | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 31. | सिक्किम | 2024-25 | नामची में स्काईवॉक, भालेढुंगा, यांगांग | 97.37 | 109.26 |
| 32. | सिक्किम | 2024-25 | नाथुला में बॉर्डर एक्सपीरियंस | 68.19 | |
| 33. | तमिलनाडु | 2024-25 | मामल्लापुरम में नंदवनम हेरिटेज पार्क का विकास | 99.67 | 112.13 |
| 34. | तमिलनाडु | 2024-25 | देवला में फूलों का बगीचा (परियोजना का स्थान बदलकर ऊटी कर दिया गया है) | 70.23 | |
| 35. | तेलंगाना | 2024-25 | रामप्पा में रामप्पा क्षेत्र स्थायी पर्यटन परिपथ | 73.74 | 93.61 |
| 36. | तेलंगाना | 2024-25 | नल्लामाला में सोमसिल्ला निरोगता और आध्यात्मिक रिट्रीट | 68.10 | |
| 37. | त्रिपुरा | 2024-25 | गोमती के बंडुआर में शक्ति पीठ पार्क | 97.70 | 64.48 |
| 38. | उत्तर प्रदेश | 2024-25 | आगरा जिले में बटेश्वर का विकास | 74.05 | 101.83 |
| 39. | उत्तर प्रदेश | 2024-25 | श्रावस्ती में एकीकृत बौद्ध पर्यटन विकास | 80.24 | |
| 40. | उत्तराखंड | 2024-25 | प्रतिष्ठित शहर ऋषिकेश: ऋषिकेश में राफ्टिंग बेस स्टेशन | 100.00 | 66.00 |
| **कुल** | | | | **3295.76** | **2175.09** |

*****